JALAUN POLICE

दिनांक – 19.03.2026

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एव पुलिस महानिरीक्षक, झासी परिक्षेत्र, झासी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना आटा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे में हत्या की घटना से सम्बन्धित 03 अभियुक्तगण को आलाकत्ल कुल्हाडी के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 18.03.2026 को वादी श्री कल्लू पुत्र स्व0 ब्रकपाल नि0 ग्राम सुनहटा थाना आटा जनपद जालौन के पिता की हत्या कर देने के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना आटा पर मु0अ0सं0 39/2026 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही व फील्ड यूनिट टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी।

घटना की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जालौन द्वारा 03 टीमों का गठन किया गया।

आज दिनांक 19.03.2026 को थाना आटा पुलिस द्वारा क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण **1.** उदयभान पुत्र नन्हू नि0 ग्राम सुनेहटा थाना आटा जनपद जालौन **2.** मनोज यादव पुत्र चन्दन नि0 ग्राम सुनेहटा थाना आटा जनपद जालौन **3.** गजे सिंह उर्फ गजेधर यादव पुत्र आशाराम यादव नि0 ग्राम सुनेहटा थाना आटा जनपद जालौन को हरिशंकरी पुलिया थाना आटा जनपद जालौन से 24 घण्टे में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशादेही पर आलाकत्ल एक अदद कुल्हाडी बरामद कर विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अभियुक्तगण ने बताया कि दिनांक 17.03.2026 को हम लोग जंगल में लकडी काट रहे थे लेकिन वन विभाग के वॉचर ब्रकपाल नें लकड़ी काटने से मना करने पर हम लोगों में कहासुनी व मारपीट हो गयी थी। जिस पर आवेश में आकर मनोज व गजेधर ने ब्रकपाल को पकड लिया और उदयभान ने हाथ में ली कुल्हाडी ब्रकपाल की पीठ पर मार दी थी तो ब्रकपाल जमीन पर गिर पडा। हम लोगों ने भी लात घूसों से ब्रकपाल के साथ मारपीट की। फिर देखा ब्रकपाल बेहोश हो गया है तो पास में रखे बोतल से पानी ब्रकपाल के मुंह में डाला लेकिन ब्रकपाल नही उठा तो हम लोग डर के कारण ब्रकपाल को घसीटकर वहीं जंगल में फेंक दिया था और हम लोग जंगल में दूर जाकर छिप गये थे। आज हम लोग बाहर जाने की तैयारी में थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

नाम पता अभियुक्तगण:-

1. उदयभान पुत्र नन्हू उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम सुनेहटा थाना आटा जनपद जालौन

2. मनोज यादव पुत्र चन्दन उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम सुनेहटा थाना आटा जनपद जालौन

3. गजे सिंह उर्फ गजेधर यादव पुत्र आशाराम यादव उम्र 28 वर्ष नि0 ग्राम सुनेहटा थाना आटा जनपद जालौन

अभियुक्त उदयभान उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0सं0 39/2026 धारा 103(1) बीएनएस थाना आटा जिला जालौन

अभियुक्त मनोज यादव उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0सं0 152/2023 धारा 323/504/506 भादवि थाना आटा जिला जालौन

2. मु0अ0सं0 39/2026 धारा 103(1) बीएनएस थाना आटा जिला जालौन

अभियुक्त गजे सिंह उर्फ गजेधर उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0सं0 39/2026 धारा 103(1) बीएनएस थाना आटा जिला जालौन

बरामदगी का विवरण:-

1. एक अदद कुल्हाडी

पुलिस टीम का विवरण:-

1. थानाध्यक्ष आटा मय पुलिस टीम।